आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

विधानसभा

तीन दिन के अवकाश के बाद प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल सोमवार को सुबह 11 बजे फिर शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करेंगे। कांग्रेस सरकार के इस बजट से हर वर्ग आस लगाए बैठा है। सत्ता में आने से पहले कांग्रेस सरकार ने जनता से कई वादे किए थे और 10 गारंटियों में से कई वादे प्रदेश सरकार को अभी पूरे करने हैं। जिसे लेकर जनता में उत्सुकता है। इसके अलावा कर्मचारी वर्ग को भी सुक्खू सरकार के इस बजट से खासा उम्मीदें हैं। मुख्यमंत्री 60 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश कर सकते हैं। आर्थिक संकट से जूझ रही सुक्खू सरकार के पिटारे से इस बार लोक लुभावन व बड़ी घोषणाओं की उम्मीद कम है। मगर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए कुछ घोषणाएं की जा सकती हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू बजट में अगले वित वर्ष के दौरान नई भर्तियों का भी ऐलान कर सकते हैं। इसके अलावा सरकारी उपक्रम मिल्कफेड के माध्यम से की जाने वाली गाय—भैंस के दूध के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी की जा सकती है। प्राकृतिक खेती, विभिन्न फसलों पर आधारित प्रोसेसिंग प्लांट, कृषि व बागवानी और पशुपालकों के लिए नई योजनाओं की घोषणा भी इस बजट में की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने बीते साल 58 हजार 4 सौ 44 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था।

प्रधानमंत्री—रिजर्व बैंक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लंदन के सेंट्रल बैंकिंग द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को डिजिटल परिवर्तन पुरस्कार 2025 के लिए चुने जाने पर सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि सरकार, शासन में नवाचार और दक्षता पर बल देती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल नवाचार भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को लगातार मजबूत कर रहा है और असंख्य लोगों को सशक्त बना रहा है।

एस.आई.टी.

प्रदेश सरकार ने बिलासपुर गोलीकांड मामले में विशेष जांच दल एस.आई.टी. का गठन किया है। ए.डी.जी.पी. ज्ञानेश्वर सिंह की देखरेख में गठित .इस जांच दल में डी.आई.जी. सौम्या सांबशिवन को एस.आई.टी. का चेयरपर्सन बनाया गया है।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल आई.जी.एम.सी., शिमला पहुंचकर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंबर ठाकुर खतरे से बाहर है और उनकी स्थिति में काफी सुधार है। उन्होंने कहा कि मामला अत्यंत गम्भीर है और पुलिस को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विपक्ष के आरोपों के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को विरोध करने का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उन्हें सरकार के साथ सहयोग भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में आज नशे के मामलों में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।

मौसम

प्रदेश के ऊचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि राजधानी शिमला सहित प्रदेश के निचले क्षेत्रों में आज दोपहर बाद से बारिश का सिलसिला जारी है। इस बारिश से तापमान में एक बार फिर कमी दर्ज की गई है और ऊपरी क्षेत्रों में सुबह–शाम ठंड का दौर जारी है। इस बीच, किन्नौर जिला के ऊपरी इलाकों में हल्का हिमपात और निचले इलाकों में बारिश का क्रम जारी है। *अधिक ब्यौरे के साथ किन्नौर से हमारी संवाददता की ये रिपोर्ट...*

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में चंबा, लाहौल–स्पीति, कुल्लू व किन्नौर जिलों में हिमस्खलन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।